प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

04.05.2026/प्रादेशिक समाचार/09:20बजे

मुख्य समाचार''

- प्रदेश में शहरी निकाय चुनाव के लिए दाखिल नामांकन पत्रों की आज होगी जांच–प्रदेश में 1 हजार 4 सौ 26 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन किए दाखिल
- प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड आज घोषित करेगा बारहवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम
- चार राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में विधानसभा चुनावों की मतणगना जारी
- जनगणना 2027 के लिए सिरमौर जिला में पहले चरण की जनगणना के लिए प्रशासनिक तैयारियां अंतिम चरण में
- राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज भी मौसम खराब–मौसम विभाग ने प्रदेश के कई जिलों में आज भारी बारिश, ओलावृष्टि और अंधड़ का किया अलर्ट जारी।

नामांकन जांच

प्रदेश के 51 शहरी निकायों में चुनाव के लिए दाखिल नामांकन पत्रों की जांच आज की जाएगी। निर्वाचन आयोग ने इसे लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। आयोग के अनुसार इन चुनावों के लिए प्रदेश में एक हज़ार 4 सौ 26 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन दाखिल किए हैं। कांगड़ा ज़िले में सबसे अधिक 2 सौ 69 जबकि मण्डी ज़िले में 2 सौ 14 उम्मीदवारों ने नामांकन भरे हैं। उम्मीदवार 6 मई तक नाम वापस ले सकेंगे और इसी दिन चुनाव चिन्ह आबंटित किए जाएंगे। मतदान 17 मई को सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे के बीच होगा। शहरी निकाय चुनावों के साथ ही प्रदेश में पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव की सरगर्मियां भी तेज़ हो गई हैं।

मतगणना

चार राज्यो असम, पश्चिम बंगाल, केरलम, तमिलनाडु और केन्द्र शासित प्रदेश पुदुचेरी में विधानसभा चुनाव की मतगणना आज सुबह आठ बजे शुरू हो गई है। शुरूआती रूझान दोपहर तक मिलने का अनुमान है। निर्वाचन आयोग ने पांचों राज्यों में मतगणना के लिए सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए हैं। यह मतगणना असम की 126, केरलम की 140, तमिलनाडु की 234 और पुदुचेरी की 30 सीटों के लिए होना है। पश्चिम बंगाल में आज 293 सीटों की मतगणना होगी।

**जनगणना प्रशिक्षण**

जनगणना 2027 के लिए जनगणना को दो चरणों में किया जा रहा है फिलहाल पहले चरण की जनगणना को लेकर तैयारियां की जा रही है। इसी कड़ी में सिरमौर जिला में जनगणना के लिए प्रशासनिक तैयारियां अंतिम चरण में है। जनगणना में कार्य करने जा रहे कर्मचारियों को नाहन में विशेष प्रशिक्षण दिया जा चुका है ताकि इस कार्य को सफलतापूर्वक किया जा सके। जनगणना के मद्देनजर जिला में 30 फील्ड ट्रेनर नियुक्त किए गए हैं। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे सिरमौर जिला संवाददाता

*जनगणना 2027 को लेकर जिला सिरमौर में सभी तैयारियां को मुकम्मल किया जा रहा है। जिला में जनगणना के मद्देनजर नियुक्त किए गए फील्ड ट्रेनर्स के लिए नाहन में प्रशिक्षण शिविर का भी आयोजन गया जिसमें इन्हें मुख्य रूप से तकनीकी एवं व्यावहारिक पहलू पर जानकारी दी गई। जनगणना कार्य के दौरान लोगों से सहयोग की अपील की जा रही है। जिला उपायुक्त प्रियंका वर्मा लोगों से सही जानकारी साझा करने की अपील करते हुए कहा कि यह जानकारी बेहद महत्वपूर्ण है और इसी आधार पर सरकार की नीतियों और कार्यक्रमों का निर्धारण होता है। आकाशवाणी समाचार के लिए सिरमौर से मैं सतीश शर्मा*

**परिणाम**

प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड आज सुबह 11 बजे बारहवीं कक्षा का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित कर रहा है। बोर्ड के अध्यक्ष डॉक्टर राजेश शर्मा ने बताया कि इस बार 81 हज़ार 4 सौ 11 विद्यार्थियों ने ये परीक्षा दी है। उन्होंने कहा कि बोर्ड ने परीक्षा परिणाम घोषित करने की सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं और ये परिणाम पूरी तरह से डिजिटल माध्यम से उपलब्ध होगा। छात्र बोर्ड की आधिकारिक वैबसाइट पर रोल नंबर डाल कर तुरंत अपना स्कोर कार्ड देख सकेंगे।

इस बीच, स्कूल शिक्षा बोर्ड ने सी.बी.एस.ई. सब कैडर स्क्रीनिंग टैस्ट 2026 के परिणाम घोषित कर दिए हैं। चयन प्रक्रिया पारदर्शी बनाए रखने के लिए परिणाम सहित अंतिम उत्तर कुंजी भी बोर्ड की आधिकारिक वैबसाइट पर उपलब्ध है।

**लोक अदालत**

सर्वोच्च न्यायालय द्वारा न्याय को सरल, सुलभ एवं आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से "समाधान समारोह (विशेष लोक अदालत) 2026" का आयोजन 21 अप्रैल से आरम्भ किया गया है। इस अभियान का समापन 23 अगस्त को सर्वोच्च न्यायालय परिसर में विशेष लोक अदालत के आयोजन के साथ होगा।

## क्रिकेट मुकाबला

चम्बा जिला के ऐतिहासिक चौगान में दो दिनों तक चले आईपीएल फैन पार्क का कल रात गुजरात टाइटन्स और पंजाब किंग्स के बीच हुए क्रिकेट मुकाबले के साथ ही समापन हो गया। वहीं दोपहर के समय भी दर्शकों ने सनराइजर्स हैदराबाद और कोलकाता नाइट राइडर्स का मैच बड़ी एलईडी स्क्रीन पर लाइव देखने का आनंद लिया। यहाँ पहुंचे हजारों क्रिकेट प्रेमियों को स्टेडियम जैसा अनुभव दिया गया। दर्शकों ने यहाँ स्वयं सहायता समूहों की ओर से लगाए गए फूड स्टाल में स्थानीय व्यंजनों का आनंद भी लिया। इसके अलावा युवाओं और बच्चों ने विभिन्न खेलों में भाग लिया। हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव मनुज शर्मा आयोजकों का चम्बा जैसे दूरदराज जिला में इस तरह के आयोजन को संपन्न करवाने के लिए किए गए सहयोग के लिए आभार जताया। उन्होंने कहा कि 50 शहरों में इस तरह के फैन पार्क स्थापित किए गए थे। चम्बा में भी इस आयोजन के दौरान हजारों की संख्या में लोग पहुंचे थे।

## कार्यशाला

पंचायत विकास योजनाओं की तैयारी पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला आज से नई दिल्ली में शुरु हो रही है। कार्यशाला में यह सुनिश्चित किया जाएगा कि वर्ष 2026–27 के लिए पंचायत विकास योजनाएं सोलहवें वित्त आयोग की शर्तों के अनुरूप हों और ग्रामीण समुदायों के लिए स्पष्ट दिख सकने योग्य परिणाम प्रदान करें। पंचायती राज मंत्रालय ने बताया कि कार्यशाला में राज्यों के प्रतिनिधि और पंचायत से जुड़े प्रमुख पक्ष शामिल होंगे।

## अग्नि सुरक्षा सप्ताह

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, सभी राज्यों, केंद्रशासित प्रदेशों तथा संबंधित केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों के सहयोग से आज से अखिल भारतीय 'अग्नि सुरक्षा सप्ताह' मना रहा है। इसका उद्देश्य देश भर के स्वास्थ्य केंद्रों में अग्नि संबंधी खतरों की रोकथाम और निवारण के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलीला श्रीवास्तव, नई दिल्ली में इसका उद्‌घाटन करेंगी और उनके नेतृत्व में स्वास्थ्य केंद्रों में अग्नि सुरक्षा की शपथ दिलाई जाएगी।

## मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में आज भी मौसम खराब बना हुआ है। प्रदेश में बीते दो दिनों से बारिश के साथ अंधड़ चलने से कई क्षेत्रों में भारी नुकसान हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में इस बारिश से अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने आज और कल प्रदेश के 5 जिलों सोलन, सिरमौर, कुल्लू, मंडी और शिमला में आज भी भारी बारिश, ओलावृष्टि और अंधड़ का आरेंज अलर्ट जबकि 6 और 7 मई को येलो अलर्ट जारी किया है।

अब एक नज़र अखबारों की सुर्खियों पर.....

आज समाचार पत्रों ने खराब मौसम से हुए नुकसान से जुड़ी खबर को सचित्र प्रकाशित किया है।

अमर उजाला की सुर्खी है–**अंधड़ के साथ भारी बारिश, छतें उड़ीं, पेड़ उखड़े, कई जिलों में ब्लैक आउट, चोटियों पर हिमपात।** दिव्य हिमाचल के शब्द हैं–**बेमौसमी बरसात–आंधी से फल–फसल बर्बाद।** पंजाब केसरी का शीर्षक है–**हिमाचल में बारिश व ओलावृष्टि से फसलें तबाह, 9 मई तक मौसम खराब।**

हिमाचल दस्तक ने खबर दी है–**रदद 15 बिजली परियोजनाओं को दोबारा अलॉट करेगी राज्य सरकार।** दैनिक भास्कर का शीर्षक है–**आपातकालीन सेवाओं में हिमाचल पुलिस देश में नबंर वन, रिस्पॉन्स टाइम महज 3 मिनट 36 सेकेंड रिकॉर्ड किया गया।**

नूरपुर बस हादसे पर दैनिक जागरण लिखता है–**चालक को हृदयाघात, बस पलटने से 28 घायल।**

**"अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर"**

- प्रदेश में शहरी निकाय चुनाव के लिए दाखिल नामांकन पत्रों की आज होगी जांच–प्रदेश में 1 हजार 4 सौ 26 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन किए दाखिल
- प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड आज घोषित करेगा बारहवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम
- चार राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में विधानसभा चुनावों की मतणगना जारी
- जनगणना 2027 के लिए सिरमौर जिला में पहले चरण की जनगणना के लिए प्रशासनिक तैयारियां अंतिम चरण में
- राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज भी मौसम खराब–मौसम विभाग ने प्रदेश के कई जिलों में आज भारी बारिश, ओलावृष्टि और अंधड़ का किया अलर्ट जारी।

..............